राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

ई–बिड सूचना

क्रमांक :322-24 दिनांक : 10/02/2025

आयोग कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये आवश्यकतानुसार जॉब बेसिस पर परीक्षाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों को सम्पादित करवाने के लिए फर्मों को सूचीबद्ध करने संबंधी वार्षिक दर संविदा हेतु ई–बिड आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैः–

कार्य का विवरण	जॉब बेसिस पर श्रमिक उपलब्ध करवाने के सम्बध में।
अनुमानित मूल्य	रू. 1,13,00,000/–
निविदा शुल्क	रू.2000/– बजट मद 0075–00–800–52–01 में जमा कर चालान की प्रति संलग्न करावें।
निविदा प्रोसेसिंग बिड़ शुल्क	रू.2000/– बजट मद 8658–00–102–(16)–01 (सिविल विभाग) में जमा कर चालान की प्रति संलग्न करावें।
निविदा अमानत राशि (2%)	राशि 2,26,000/–रूपये मात्र बजट मद 8443–00–103–00–00 में जमा कर चालान की प्रति संलग्न करावें।
ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	**04-03-2025** दोपहर 3.00 बजे तक
ई–निविदा खोलने की तिथि	**04-03-2025** सांय 4.00 बजे
निविदा अपलोड/प्रकाशित किये जाने की दिनांकः–	**10-02-2025**

नोट (1) ई–निविदा प्रपत्र एवं शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in/ www. rpsc. rajasthan. gov.in एवं http: sppp.raj.nic.in पर भी उपलब्ध है। वेबसाइट से डाउनलोड किये गए ई–निविदा प्रपत्र के निविदा शुल्क का चालान संलग्न करना आवश्यक है।

(2) निविदा शुल्क/ निविदा प्रोसेसिंग फीस व निविदा अमानत/धरोहर राशि एक ही चालान के द्वारा वित्त विभाग के परिपत्र क.प 6(5) वित्त (सा.वि.ले.नि.) 2018 जयपुर दिनांक 27.04.2020 वर्णितानुसार सम्बन्धित बजट मद में ई ग्रास के माध्यम से जमा करायी जाकर चालान की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से राशि स्वीकार नहीं की जावेगी एवं निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

उप सचिव
(सम.एवं व्यवस्था)

एफ 21 (168)समन्वय व्यवस्था/श्रमिक ठेका/2025–26/ 322-24 **दिनांक :** 10/02/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को भेजकर पचास हजार प्रतिया और उससे अधिक का परिचालन रखने वाले एक राज्य स्तरीय हिन्दी मुख्य दैनिक समाचार पत्र तथा एक अखिल भारतीय स्तरीय व्यापक प्रचार प्रसार वाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु।
2. नोटिस बोर्ड, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग राज.लोक सेवा आयोग, अजमेर उक्त निविदा सूचना को e-proc. Portal, SPPP एवं आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करावें।

उप सचिव
(सम.एवं व्यवस्था)

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
(तकनीकी निविदा प्रपत्र)

बोली आंमत्रण क्रमांक समन्वय एवं व्यवस्था 01/2025–26 दिनांक

(1) **राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में जॉब बेसिस पर कुशल/अर्द्धकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए फर्मों को सूचीबद्ध करने संबंधी वार्षिक दर संविदा।**

1. ई–निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म /व्यक्ति का नाम व पता ––––––––––––––––––––

   ....

   दूरभाष नम्बर –––––––––––––––––––––––––––फेक्स –––––––––––––––––––
   ई–मेल––––––––––––––––––––––
2. जिसको सम्बोधित किया गया – सचिव, रा.लो.से.आ., अजमेर
3. सन्दर्भ – ई–निविदा सूचना सं. .... दिनांक ....(समाचार पत्र का नाम)..................... दिनांक. ....में प्रकाशित हुई
4. बिड शुल्क की राशि 2000/–चालान संख्या ...... दिनांक चालान नं. –––– दिनांक ...., अमानत राशि 226000/– रूपये चालान नंबर ....दिनांक .... के द्वारा जमा करा दी गयी है।
5. प्रोसेसिंग फीस राशि रूपयें 2000/–. दिनांक...................... चालान नं. ––––
6. ई–ग्रास द्वारा चालान बनाये जाने हेतु विस्तृत प्रक्रिया :–
   1. अमानत राशि, ई–निविदा की अनुमानित राशि की 02 प्रतिशत होगी, जो कि वित्त विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प.6(5)वित्त/ साविलेनि/2018/जयपुर दिनांक 27.04. 2020 व दिनांक 09.07.2020 के अनुसरण में ऑनलाईन ई–ग्रास पद्धति से जमा करायी जायेगी तथा इसके अतिरिक्त बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL का प्रोसेसिंग शुल्क भी ऑनलाईन ई–ग्रास पद्धति से देय होगा। जिसकी ई–भुगतान रसीद/ ई–ग्रास चालान से राशि जमा की प्रति ऑनलाईन ई–निविदा भरते समय अपलोड करनी अनिवार्य होगी।

   - लोक उपापन प्रक्रिया में पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ई–निविदाओं के प्रेषण के लिए एक ही चालान से ऑनलाईन ई–ग्रास पद्धति के माध्यम से बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) बजट मद 8443–00–103–00–00 में, बोली दस्तावेज मूल्य (निविदा शुल्क) बजट मद 0075–00–800–(52)–{01} में एवं ई–प्रोसेसिंग शुल्क (RISL) बजट मद 8658–00–102–(16)–{01}के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के नाम से जमा की जायेगी।
   - बिडर का ई–ग्रास पर लॉगिन पहले से नही बना हो तो सर्वप्रथम बिडर को ई–ग्रास पोर्टल पर New User Sign Up से लॉगिन फॉर्म भरना है।
   - Login ID Passwrod प्राप्त करने के पश्चात ई–ग्रास पोर्टल पर Sign In करें।
   - चलान जमा करवाने हेतु Service Challan का ऑप्शन चयन करें।
   - Department (Rajasthan Public Service Commission हेतु विभागीय कोड............ एवं ऑफिस Rajasthan Public Service Commission आई.डी.–......................का चयन करें।

उप सचिव (सम. एवं व्यवस्था)	उप सचिव (लेखा)	वित्तीय सलाहकार (लेखा)	संयुक्त सचिव (प्रशासन)

- चालान फॉर्म में Period के Option में onetime option का चयन करें।
- Payment Mode में ऑनलाईन एंव ऑफलाईन दोनों ऑप्शन उपलब्ध हैं। ऑनलाईन मोड चयन करने पर संबंधित बैंक की वेबसाईट पर रीडायरेक्ट कर दिया जायेगा। ऑफलाईन भुगतान करने की स्थिति में जिस बैंक का विकल्प चुना है उसकी संबंधित बैंक में चालान /कैश जमा कराना होगा। विस्तृत प्रक्रिया ई–ग्रास पोर्टल (egras.rajasthan.gov.in) पर User Mannual में उपलब्ध है। किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए ई–ग्रास हेल्प डेस्क नंबर 0141–2744294 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वर्तमान में चालान द्वारा ही भुगतान किया जाना है।

7. हम बोली आमंत्रण संख्या.....दिनांक.....में वर्णित सभी शर्तो से तथा विभागीय शर्तो एवं निर्देशों से बाध्य होना स्वीकार करते है। समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण –स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये है।
8. हम सहमत है कि विभाग द्वारा निविदा सूचना में अंकित अवधि में कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक उपलब्ध करा दिये जाऐगें।
9. हम RTPP अधिनियम 2012 व नियम 2013 के प्रावधानों को स्वीकार करते हैं।
10. हम सम्पुष्टि करते है कि वित्तीय प्रपत्र (BOQ) में अंकित की गई दरें विस्तृत ई–बोली की समस्त शर्तो के अनुरूप है। हमने निविदा की सभी शर्तों का समझ लिया है।
11. हम सम्पुष्टि करते है कि वित्तीय निविदा स्वीकार होने की सूचना से निर्धारित अवधि में निर्धारित प्रारूप में विभाग से करार निष्पादन करेगें जिसके अभाव में निविदा निरस्त योग्य है।
12. बोलीदाता/संवेदक के विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.स.	विवरण	रजि.सं.	वर्ष	पंजीकरण दिनांक	पंजीकरण अवधि	संलग्नक क्रमांक
1.	राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का प्रमाण पत्र अथवा अण्डरटेकिंग श्रम विभाग न्यूनतम मजदूरी अधिनियम पालना					
2.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952					
3.	कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम,1948					
4.	वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.)					
5.	आय कर पेन (नंबर)					
6.	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम,1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत					
7	बालक और कुमार श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम–1986 , संशोधित अधिनियम–2018					

उप सचिव
(सम. एवं व्यवस्था)

उप सचिव
(लेखा)

वित्तीय सलाहकार
(लेखा)

संयुक्त सचिव
(प्रशासन)

13. हम सम्पुष्टि करते है कि आवश्यक दस्तावेज के अभाव में बोली निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज चैक लिस्ट के अनुसार संलग्न कर दिए गये है :–

S. No	Type of Certificate & Other informations	Yes/No	Page No
1.	Name of Bidder Firm		
2.	Status (Proprietor / Partnership Firm / Company)		
3.	Authorised Signatory (Name & Designation) (01) E-Mail (02) Phone No. (03) Address		
4.	Whether RISL fee is submitted with the technical Bid Provide details Challan no..... dt..... Rs.....		
5.	Whether Bid Security Challan No.....Dt..... Rs..... Submitted		
6.	Form Fee Challan no..... dt..... Rs.....		
7.	Whether annexure – A,B,C&D have been downloaded signed and submitted with the technical bid		
8.	Bankers Certificate regarding running bank account, if bidder has submitted bid for the first time		
9.	The required copy of audited financial statements of last two years are enclosed with the technical bid.**(F.Y. 2022-23 & 2023-24)**		
10.	Whether the copies of work orders and satisfactory completion in support of two year working experience submitted. **(F.Y. 2022-23 & 2023-24)**		
11.	Whether all documents of compulsory conditions enclosed with Technical Bid		
12.	Registration Certificate of Labour Department and other concerning Acts as on point 12 of Technical Bid.		
13.	Registration Certificate of GST		
14.	Registration Certificate of E.S.I. &. E.P.F.		
15.	Original Undertaking for Crininal Liability That M/s.....(Name of Firm/Agencey) has not been neither prosecuted nor declared defaulter by any Govt. Agency and No proceedings in any nature i.e. CBI/FEMA/Criminal/Income Tax/Sales Tax/Vat/Labour Laws/ Black Listed is going on / Contemplated / Pending against the firm.		
16.	Registration Certificates in all relative Acts.		

14. **तकनीकी निविदा में पात्र पाए जाने पर सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।**
15. हमारे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त दस्तावेज हिन्दी अथवा अग्रेजी भाषा में है तथा अन्य भाषा में होने पर उनका हिन्दी अथवा अग्रेजी की प्रमाणित रूपान्तरण भी प्रस्तुत किया गया है।

नोट :–

1. क्रम संख्या (12 व 13) में अंकित संलग्नको में दस्तावेज प्रस्तुत किया है अथवा नही उसके आगे **'Yes' or 'No'** उसके जारी होने की तिथि/**(issuing date validity date)** वैधता अवधि अंकित करना आवश्यक है इसका उतरदायित्व बोलीदाता का है इसके अभाव में बोली अमान्य की जा सकती है।
2. यह स्पष्ट किया जाता है कि संवेदक द्वारा **EPF** व **ESI** का नियमानुसार समयान्तर्गत भुगतान नहीं किए जाने पर कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपलब्ध अधिनियम, 1952 के प्रावधान अनुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर

उप सचिव (सम. एवं व्यवस्था)	उप सचिव (लेखा)	वित्तीय सलाहकार (लेखा)	संयुक्त सचिव (प्रशासन)

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
ई–निविदा की शर्तें

(जॉब बेसिस पर श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु फर्मों को सूचीबद्ध करने संबंधी वार्षिक दर संविदा)

(निविदादाता इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढें एवं अपनी निविदाऐं प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्ण रूप से पालना करनी होगी)

(A) अनिवार्य मापदण्ड [Eligibility Criteria]

1. ई–उपापन शुल्क रूपये 2000/– , प्रोसेसिंग फीस राशि रूपये 2000/– एवं बोली शुल्क (बिड सिक्योरिटी) राशि के चालान On Line जमा करा , बोली के साथ स्केन करके प्रस्तुत करना होगा।
2. उपरोक्त के अभाव में संबंधित फर्म की वित्तिय बिड नहीं खोली जावेगी, जिसके लिये आयोग प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. ई–उपापन शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस किसी भी परिस्थिति में नहीं लौटाया जावेगा।
4. **राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय में परीक्षा संबंधित कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रकृति का है जिसका समय पर होना अति–आवश्यक है। निविदा में भाग लेने से पूर्व आयोग में उपस्थित होकर कार्य की प्रकृति जानकर ही निविदा की दर प्रस्तुत करें, क्योंकि आयोग में पूर्व वर्षों में L-1 रही फर्म मैसर्स आर. एस. एन्टरप्राईजेज, 74–ए, आनंद विहार–ए, बेनार्ड रोड, झोटवाड़ा, जयपुर द्वारा आयोग को उपलब्ध कराये गये श्रमिकों के EPF खाते में पूर्ण राशि जमा नहीं करायी जाने पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में प्रकरण डायरी संख्या 927/23 दर्ज है। साथ ही आयोग द्वारा अपने स्तर से भी उक्त फर्म के विरूद्ध कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 की धाराओं के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः इच्छुक निविदादाता निविदा में बाजार सर्वे के आधार पर तथा सुसंगत दरें प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करावें।**
5. **बिडदाता का गत दो वर्षों में औसत वार्षिक टर्नओवर राशि 40 लाख या अधिक होना आवश्यक है। जिसके समर्थन में चार्टेड अकाउण्टेट द्वारा प्रमाणित वर्षवार टर्नओवर का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही गत दो वर्षों की ITR भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
6. **अनुभव** : बोलीदाता/संवेदक द्वारा गत 02 वित्तीय वर्ष (2022–23 व 2023–24) में केन्द्र/राज्य के राजकीय विभाग/उपक्रम/स्वायत्त संस्था/परियोजना/बोर्ड/समिति/आयोग/शिक्षण संस्था/बैंकों में न्यूनतम 35 श्रमिक प्रतिवर्ष सफलतापूर्वक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना आवश्यक है, जिसका निम्नलिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर संबंधित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगाना अनिवार्य होगा ।
7. **सम्बन्धित विभाग/ संस्थान के द्वारा सन्तोषप्रद कार्य किये जाने का प्रमाण (कालम सं 05) यदि हो तो, विवरण कॉलम सं. 05 में अंकित किया जाये।**

क्रम संख्या (01)	विभाग/संस्थान का नाम (02)	उपलब्ध कराये गये श्रमिक का दिनांक/वर्ष (03)	उपलब्ध कराये गये श्रमिक की संख्या (04)	संबंधित विभाग/संस्थान से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण–पत्र का अंकन (05)
1.				
2				
3				
4				

8. **निविदादाता/संवेदक को राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 श्रम विभाग न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम,1948, वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), आयकर पेन नंबर एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम,1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ उक्त पंजीयन प्रमाए–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी अनिवार्य है। बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियम.) अधिनियम, 1986, संशोधित अधिनियम, 2016 व संशोधित अधिनियम, 208 के अन्तर्गत बाल श्रम नियोजन नहीं किए जाने संबंधी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।**
9. वित्त विभाग के परिपत्र 30.04.2018 एवं स्पष्टीकरण दिनांक 14.11.2018 के अनुसार अर्हत संवेदक ही बोली में भाग ले सकते है।
10. **उपापन समिति द्वारा तकनीकी रूप से पात्र निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।**
11. **फर्म/फर्म मालिक यदि पूर्व में केन्द्रीय सरकार/किसी भी राज्य सरकार अथवा इनके किसी विभाग/उपक्रम/संस्था द्वारा एक से अधिक बार कार्य को अधूरा छोड़ने अथवा संतोषप्रद तरीके से पूर्ण नहीं करने पर शास्ति लगायी जा कर वसूल की गई हो अथवा ब्लैक लिस्टेड किया हुआ है तो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। निविदादाता इस बाबत शपथ–पत्र प्रस्तुत करेगा।**

उप सचिव (सम. एवं व्यवस्था)	उप सचिव (लेखा)	वित्तीय सलाहकार (लेखा)	संयुक्त सचिव (प्रशासन)

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

(B) दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देश

1. **ई– टेण्डरिंग के लिये निविदादाताओं हेतु निर्देश–**
   a. इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता प्रपत्रों का इन्टरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, SPPP.rajasthan.gov.in अथवा rpsc.rajasthan. gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
   b. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर कराना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा। जो इलेक्ट्रॉनिक निविदा में साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं।
   c. ऑनलाईन निविदाऐं निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जायेगी।
   d. इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रपत्र जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी हैं।
   e. कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रॉनिक जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है, तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
   f. टेण्डर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाईन दर्ज करें।
   g. निविदा भरने की अंतिम दिनांक एवं समय का इंतजार नहीं करें।
2. तकनीकी बोली से संबंधित दस्तावेज केवल तकनीकी बोली में अपलोड और वित्तीय बोली से संबंधित वित्तीय बोली में ही अपलोड करने चाहिए। उक्त सभी दस्तावेजों पर निविदादाता द्वारा स्पष्ट हस्ताक्षर (मय नाम) किये जावेगें एवं मोहर लगानी होगी :–
   अ.– अपूर्ण/अस्पष्ट रूप से भरी हुई निविदा एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
   ब– निविदादाता को वित्तीय बिड (परिशिष्ट–2) प्रस्तुत करनी होगी, जिसमे निविदादाता को अपनी सामग्री की राशि, उपकरण किराया एवं सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। वित्तीय निविदा भरने से पूर्व निविदादाता द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विचार करना होगा :–
   I. कर्मकारों का न्यूनतम मानदेय जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।
   II. कर्मकारों का नियोक्ता द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (EPF)/कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ESI)/अंशदान
   III. वस्तु एवं सेवा कर (GST)
   IV. सर्विस चार्ज
   V. नकारात्मक प्रतिफल बोली/न्यूनतम बोली अस्वीकार्य होगी।
3. बिडदाता की उक्त ई बिड में सम्मिलित शर्तों के अलावा अन्य कोई भिन्न शर्त स्वीकार्य नहीं होंगी।
4. निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली बिडों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
5. किसी भी बिड़ अथवा समस्त बिड़ों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को होगा।
6. वित्तीय दरें पृथक से ऑनलाईन BoQ डाउनलोड कर उसी में भरी जाकर पुनः अपलोड करावें। BoQ में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना स्वीकार्य नही होगा।
7. निविदा दरें तकनीकी बिड़ को खोले जाने के दिनांक से 90 दिन की अवधि के लिए विधिमान्य होगी।
8. राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 तथा नियम 2013 लागू रहेगें।
9. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी। ऑफलाईन प्रस्तुत निविदा के मूल्यांकन पर विचार नहीं होगा।
10. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा में पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए, संदर्भित दस्तावेजों की सारणी बनाएँ व विवरण पृष्ठ संख्या सहित अंकित करें।

उप सचिव (सम. एवं व्यवस्था)	उप सचिव (लेखा)	वित्तीय सलाहकार (लेखा)	संयुक्त सचिव (प्रशासन)

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

(C) निविदा की सामान्य शर्तें :

1. आयोग कार्यालय से कार्यादेश जारी होने के 07 दिवस के अंतर्गत कार्य शुरू करवाना होगा। निर्धारित अवधि में जॉब बेसिस पर श्रमिक उपलब्ध नहीं किये जाने की स्थिति में शास्ती प्रथम दिवस 100/–, दूसरे दिवस 200/– एवं तीसरे दिवस 500/– लगेगी। तत्पश्चात् अनुबन्ध की शर्तों के आधार पर प्रति श्रमिक क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जायेगी। यह राशि कार्य संपादन प्रतिभूति राशि/भुगतान की जाने वाली राशि में से काट ली जावेगी। जिसकी समूचित जिम्मेदारी स्वंय निविदादाता की होगी।
2. निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
3. बिड़ में अंकित कार्य से संबंधित सफल निविदादाता को गोपनीयता बनाये रखनी होगी। यदि फर्म के कार्मिकों द्वारा ऐसा नही किया जाता है/गोपनीयता भंग की जाती है तो आयोग आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।
4. बिड प्रक्रिया/निर्णय के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में प्रथम अपील संयुक्त सचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, जयपुर एवं द्वितिय अपील सचिव, कार्मिक विभाग, शासन सचिवालय जयपुर को की जा सकेगी।
5. यह द्वि–प्रक्रमी बोली है जिसमें तकनीकी बिड व वित्तीय बिड पृथक–पृथक प्रपत्रों में प्रस्तुत की जानी है।
6. समस्त प्रमाण–पत्र हिन्दी अथवा अग्रेजी में होने चाहिए। अन्य किसी भाषा में प्रमाण –पत्र है तो वह हिन्दी अथवा अंग्रेजी में अनुवादित व सत्यापित होना चाहिए।
7. निविदा की वैधता तकनीकी बिड खुलने की तिथि से 90 दिन तक विधिमान्य होगी।
8. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इंडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इन्डियन कंपनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत या अन्य सरकारी संस्थान से पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति क्वालीफाईड बिड के साथ संलग्न करनी होगी।
9. बोली के साथ सभी वांछित दस्तावेज/प्रमाण पत्र बोली जमा कराने की अंतिम तिथि को वैध होने चाहिए।
10. निविदा प्रपत्र में अंकित शर्तों के अतिरिक्त, निविदादाता द्वारा प्रस्तुत कोई अन्य शर्त मान्य नहीं होगी।
11. फर्म द्वारा मजबूत एवं पुष्ट आधार प्रस्तुत करने पर ही विभागीय उपापन समिति किसी प्रकरण विशेष में गुणावगुण के आधार पर यदि उचित समझती है या किसी प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण प्रतिस्पर्धा बाधित होती है तो वांछनीय दस्तावेज एवं वांछित स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्णय ले सकती है।
12. विभागीय उपापन समिति के निर्णयानुसार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर, राजस्थान किसी भी बोली अथवा उसके भाग को बिना कारण बताये अस्वीकार/निरस्त कर सकेगे।
13. सफल निविदादाता की दरें अनुमोदित होने के बाद निर्धारित प्रारूप में 7 दिवस के भीतर रूपयें 500/– के स्टाम्प पेपर पर स्वयं के खर्चे पर अनुंबध करना होगा जिसकी मूल कॉपी आयोग को निःशुल्क उपलब्ध करवानी होगी।
14. यदि अनुमोदित निविदादाता अनुबंध की शर्तो के अनुसार कार्य सम्पादित करने में असफल रहा तो अनुबन्ध तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा।
15. संवेदक द्वारा समय पर कार्य नहीं करने की स्थिति में विभाग को अन्य किसी भी संस्था/संवेदक की जोखिम पर कार्य करवाने का पूर्ण अधिकार होगा।
16. राज्य सरकार द्वारा समय समय पर लागू नियमों एवं वित्त विभाग (जी.एण्ड.टी.) के परिपत्र दिनांक 30.04.2018 की पालना करनी होगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वंय संवेदक की होगी।
17. भुगतान मासिक तौर पर महीना समाप्ति के बाद जॉब बेसिस पर कार्य संतोषप्रद रूप से सम्पन्न किये जाने पर सीधे संवेदक के बैक खाते में कोषालय के माध्यम से किया जायेगा तथा वसूलिया यदि कोई हो तो उन्हें प्रभारित किया जावेगा।
18. समस्त विधिक कार्यवाही यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो किसी भी पक्षकार (सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर या ठेकेदार) द्वारा अजमेर में स्थित न्यायालयों में ही पेश की जाएगी, अन्य स्थान पर पेश नहीं की जाएगी।
19. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948(Section 11: Wages in kind.) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बधित संवेदक का होगा।

उप सचिव (सम. एवं व्यवस्था)	उप सचिव (लेखा)	वित्तीय सलाहकार (लेखा)	संयुक्त सचिव (प्रशासन)

20. **संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिको को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैक खातों मे ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैक खातो में जमा कराई गई राशि का विवरण सम्बन्धित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रंमिकों के बैक खातो में जमा कराई गई राशि के विवरण हेतु उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।**

21. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

22. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार लागू होने पर श्रमिकों की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। नियमानुसार ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। सवंदेक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई. पी.एफ और ई.एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।

23. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिक अपराधिक प्रवृति के नहीं हो, चाल–चलन व चरित्र सही हो एंव यदि ठेकेदार द्वारा कार्य करने के दौरान आयोग कार्यालय की चल–अचल सम्पति को नुकसान पहुँचाया गया तो उसकी वसूली ठेकेदार से की जावेगी।

24. कर्मकारों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय का भुगतान करने तथा उनके पी.एफ. व ई.एस.आई. का अंशदान संबंधित विभागों में जमा कराने की पूर्ण जिम्मेदारी अनुबंधित फर्म की होगी।

25. प्रत्येक माह ESI/EPF का मासिक ECR फर्म अपने सुपरवाईजर के पास कर्मकारों की जानकारी हेतु उपलब्ध करायेगी। आयोग के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रत्येक माह लगानी होगी तथा अनुबन्ध समाप्त होने के एक माह में कुल ESI/EPF जमा का विवरण प्रत्येक कर्मकार को अनुबन्धित फर्म द्वारा उपलब्ध कराना होगा।

26. बिल के साथ संलग्न ESI/EPF के चालान की प्रति पर यह अंकित करें **"प्रमाणित किया जाता है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के आदेश क्रमांक.....दिनांक.....के क्रम में जॉब बेसिस पर माह..... .की अवधि में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में करवाये गये .....संबंधी कार्य/सर्विसेज हेतु नियोजित किये गये कर्मकारों/श्रमिकों के ESI/EPF की राशि .....जो कि इस चालान की राशि ....में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।"**

27. **आयोग कार्यालय में अनुबन्धित फर्म के द्वारा उपलब्ध कराये गये श्रमिकों की EPF की राशि के, EPFO में समायोजन का पृथक चालान जमा कराया जायेगा। उक्त चालान आयोग द्वारा भुगतान की गई राशि (13%) एवं श्रमिकों के वेतन से कटौती किये गये अंशदान (12%) के बराबर राशि का होगा।**

28. **आयोग कार्यालय में अनुबन्धित फर्म के द्वारा उपलब्ध कराये गये श्रमिकों की ESI की राशि के, सम्बन्धित विभाग में समायोजन का पृथक चालान जमा कराया जायेगा। उक्त चालान आयोग द्वारा भुगतान की गई राशि (3.25%) एवं श्रमिकों के वेतन से कटौती किये गये अंशदान (0.75%) के बराबर राशि का होगा।**

29. बिल के साथ संलग्न G.S.T. के चालान की प्रति पर यह अंकित करें **""प्रमाणित किया जाता है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के आदेश क्रमांक.....दिनांक.....के क्रम में जॉब बेसिस पर माह.....की अवधि में राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में करवाये गये.....संबंधी कार्य/सर्विसेज की ऐवज में G.S.T. की राशि .....जो कि इस चालान की राशि .....में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।"**

30. श्रम विभाग जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना **दिनांक 12 दिसम्बर 2024 संख्या एफ.5(6)न्यू.म.अभि./श्रम/ई.आर./2000 पार्ट/23926 के** द्वारा प्रतिमाह व प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी की दरें निर्धारित की गई हैं। दैनिक मजदूरी पाने वाले किसी कर्मकार को देय मानदेय की न्यूनतम दरों की गणना जिस वर्ग का वह कर्मकार है उस वर्ग के लिए नियत मासिक मजदूरी की दर में 26 का भाग देकर की गई है। उक्त नियोजनों में कार्यरत कर्मकार के लिए नियत दरों में साप्ताहिक अवकाश का वेतन शामिल है। अतः प्रत्येक कर्मकार को प्रत्येक सप्ताह में एक अवकाश देते हुए उपस्थिति संख्या के आधार पर अधिकतम 26 दिवस का ही भुगतान किया जावेगा, जो मासिक मानदेय कहलायेगा।

31. बिल व बिल के साथ समस्त संलग्नकों पर अनुबंधित फर्म के अधिकृत व्यक्ति के ही हस्ताक्षर मय नाम व मोहर अंकित होना अनिवार्य है।

32. अनुबन्धित फर्म द्वारा बिल एवं कार्य विवरण का प्रमाणीकरण संबंधित प्रभारी/अधिकारी से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

उप सचिव	उप सचिव	वित्तीय सलाहकार	संयुक्त सचिव
(सम. एवं व्यवस्था)	(लेखा)	(लेखा)	(प्रशासन)

33. बिल के साथ **TRRN** नंबर वाले चालान का सूक्ष्मता से जाँच व मिलान कर ही आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आयोग कार्यालय द्वारा मिलान करने पर नियोजित कर्मकारों की संख्या व **ESI/EPF** की जमा राशि के संबंध में सत्यापन किया जा सके।

34. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों उपनियमों अधिक सूचनाओं, दिशा निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वंय उत्तरदायी होगा।

35. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम,1948 एवं राजस्थान अनुबन्धिक श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन कराने के लिए उतरदायी होगा।

36. नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर ओद्यौगिक विवाद अधिनियम 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिको को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी मुआवजा आदि देने का समस्त उतरदायित्व संवेदक का होगा।

37. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबध/सन्दर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्धटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

38. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को **Debar** कराने की कार्यवाही करेगी।

39. यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नहीं करते हुए इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि कि रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के ऊपर 10 प्रतिशत का पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले सम्बन्धित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

40. उपापन संस्था द्वारा सवेदक को कार्य आदेश जारी करने के पश्चात् कार्यादेश की प्रति श्रम विभाग को सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी एवं श्रम विभाग मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।

41. संवेदक कार्यादेश के पश्चात् यदि वह कार्य को अधूरा छोडता है अथवा संतोषजनक तरीके से पूर्ण नही करता है तो ऐसी स्थिति में संवेदक को 07 दिवस का नोटिस जारी किया जायेगा तत्पश्चात भी अगर स्थिति में सुधार नहीं करता है तो उस पर कुल बिल राशि की प्रथम बार 05 प्रतिशत शास्ति, द्वितीय बार 07 प्रतिशत शास्ति एवं तृतीय बार 10 प्रतिशत शास्ति लगायी जायेगी। यदि इसके बाद भी कार्य में सुधार नही आता है तो अनुबन्ध/कार्यादेश निरस्त किया जाकर प्रतिभूति राशि जब्त की जाकर फर्म को ब्लैक लिस्ट हेतु श्रम विभाग को अग्रेषित कर दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी। साथ ही निविदादाता से हानि या नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई तो यह वसूली रा. लो. मांग वसूली अधिनियम, 1952 के अधीन या उस समय प्रवृत किसी विधि से की जायेगी।

42. उक्त ठेके के अनुबन्ध में यदि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हुआ तो सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का निर्णय अन्तिम बाध्यकारी होगा।

43. संवेदक को विभिन्न व परीक्षाओं से संबंधित समस्त कार्य समय पर करवाने होंगे। अपेक्षित प्रमुख कार्यो का विवरण आयोग द्वारा उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

44. सफल निविदादाता द्वारा आयोग में लगाये गये श्रमिकों को वर्दी देना अनिवार्य होगा, जिसका आयोग द्वारा अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

45. बोली के सम्बन्ध में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के सम्बंध में निम्नांकित अधिकारियों से कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

    1. वित्तीय सलाहकार, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर राजस्थान।
    2. उप सचिव (O&M) राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर राजस्थान।

उप सचिव	उप सचिव	वित्तीय सलाहकार	संयुक्त सचिव
(सम. एवं व्यवस्था)	(लेखा)	(लेखा)	(प्रशासन)

46. वित विभाग के परिपत्र एफ.2(1)वित्त/एस.पी.एफ.सी/2017 जयपुर दिनांक 30.04.2018 संख्या 01/2018 के अनुसार मानव संसाधन का उपापन किया जायेगा, एवं परिपत्र के दिशा निर्देश भी लागू होगे।

47. वित्त (G&T) विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.2(1)एफ.डी./एस.पी.एफ.सी./2017 दिनांक 14.11.2018 के क्रम मे सफल संवेदक को यह शपथ–पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा कि निविदा अवधि के दौरान यदि उसके द्वारा राजस्थान श्रमिक अनुबन्धित अधिनियम एवं श्रमिक अनुबन्ध नियम, 1970 / संशोधन अधिनियम, 2014 तथा कर्मचारी भविष्य अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक हो तो तद्नुसार पंजीकरण कराते हुए प्रमाण–पत्र की प्रति संबंधित कार्यालय को उपलब्ध करवाई जायेगी।

48. संवेदक अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या भाडे (**Sub-let**) पर नहीं देगा।

49. करार व कार्य संपादन प्रतिभूति **(Agreement and Performance Security)**

(1) सफल बिडदाता को कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जो कार्यादेश राशि का 5 प्रतिशत होगी, अनुबन्ध के साथ बैंक ड्राफ्ट, राष्ट्रीय बचत पत्र,अनुसूचित बैंक की बैंक गारन्टी अथवा एफ.डी. के रूप में जमा करवानी होगी, जो कि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्ति पर लौटायी जायेगी। **(उक्त प्रतिभूति अजमेर में स्थित बैक/पोस्ट ऑफिस में देय होनी चाहिये। यदि अजमेर से बाहर की प्रतिभूति होती है तो उसका सत्यापन संबंधित बैंक से कराना होगा, जिसका यात्रा व्यय संबंधित समस्त व्यय अनुबन्धित फर्म को वहन करना होगा)**

(2) **अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति –श्रमिक अनुबन्धकर्ता द्वारा नियमानुसार परफोरमेंन्स सिक्यूरिटी के अतिरिक्त उसको एक माह के लिए भुगतान की जाने वाली EPF/ESI की राशि के समतुल्य राशि की FDR अतिरिक्त कार्य निष्पादन प्रतिभूति के रूप में आयोग कार्यालय में जमा रखनी होगी, जिसको कार्य समाप्ति के उपरान्त 03 माह के भीतर समस्त EPF/ESI से संबंधित जमा चालानों का सन्तोषजनक समायोजन की जांच उपरान्त अनुबन्धित अनुबन्धकर्ता को लौटा दी जायेगी।**

(3) सफल बिडदाता की दर स्वीकृति की दिनांक से 7 दिवस के भीतर 500/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में निर्धारित एस.आर.प्रारूप–17 में करार पत्र स्वंय के खर्च पर निष्पादित करना होगा। जिसकी मूल स्टाम्प शुदा प्रति निःशुल्क विभाग को उपलब्ध करवानी होगी।

(4) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि प्रेषण के उस दिनांक से जिसको निविदा के स्वीकार किए जाने की सूचना उसे दी गई है, 7 दिन के भीतर जमा कराई जाएगी।

50. बोली प्रतिभूति का समपरहरण (**Forfeiture of Bid Security**) बोली प्रतिभूति का निम्नलिखित मामले में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगा :–

(क) जब बोलीदाता बोली खुलने के बाद, किन्तु बोली का स्वीकार करने के पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण (**Modification**) करता है।

(ख) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार निष्पादित नहीं करता है।

